भारत सरकार

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3838

16 जुलाई, 2019 को उत्तरार्थ

विषय:किसानों की प्रति व्यक्ति आय

3838. डॉ. ए. चैल्ला कुमारः

क्या कृषि और किसान कल्याण मंत्री यह बतानेकी कृपा करेंगे किः

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान देश में किसानोंकी प्रति व्यक्ति आय में बढ़ोत्तरी हुई है या कमीआई है;

(ख) यदि हां, तो इसका प्रतिशत क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा आगामी पांच वर्षों मेंकिसानों की प्रति व्यक्ति आय बढ़ाने हेतु प्रस्तावितउपायों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

(कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री)

(श्री नरेंद्र सिंह तोमर)

(क) तथा (ख): देश में कृषि परिवारों की आय का आकलन राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय (एनएसएसओ) द्वारा समय-समय पर किए गए 'कृषि परिवारों का स्थिति आकलन सर्वेक्षण' के माध्यम से किया जाता है। ऐसे अंतिम सर्वेक्षण के अनुसार, जो 2013 में संचालित किया गया था, विभिन्न स्रोतों से प्रति कृषि परिवार अखिल भारतीय औसत मासिक आय 6426 रूपए आकलित की गई है। चूंकि 2013 में कृषि परिवारों की आय पर विगत सर्वेक्षण का कार्य किया गया था, अत: विगत पांच वर्षों के दौरान आय में वृद्धि के संबंध में सूचना उपलब्ध नहीं है।

(ग): सरकार ने अप्रैल, 2016 में एक अंतर-मंत्रालयी समिति का गठन किया था ताकि 'किसानों की आय को दोगुना करने' से संबंधित पहलुओं की जांच की जा सके तथा उसे प्राप्त करने के लिए एक सघन नीति की सिफारिश की जा सके। समिति ने सितंबर, 2018 में सरकार को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है जो विभाग की वेबसाइट http://agricoop.nic.in/doubling-farmers पर भी उपलब्ध है। समिति ने कृषि क्षेत्र को एक मूल्यवर्धित उद्यम के रूप में मान्यता दी है तथा किसानों की आय में वृद्धि के 7 मुख्य स्रोतों की पहचान की है अर्थात फसल उत्पादकता में सुधार; पशुधन उत्पादकता में सुधार; संसाधन उपयोग क्षमता अथवा उत्पादन लागत में बचत; फसल सघनता में वृद्धि; उच्च मूल्य वाली फसलों की ओर विविधिकरण; किसानों द्वारा प्राप्त वास्तविक मूल्यों में सुधार तथा कृषि का गैर-कृषि व्यवसायों की ओर अंतरण।

किसानों की आय को दोगुना करने संबंधी समिति के सुझावों के अनुरूप सरकार द्वारा अपनी योजनाओं/कार्यक्रमों का नियमित रूप से पुनर्भिमुखीकरण किया जा रहा है।

*****